# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 30-11-21 | | |

## एचएयू में दिसंबर में आयोजित होंगे तीन प्रशिक्षण कार्यक्रम

**सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में होंगे कोर्स**

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गेट नंबर-3 पर स्थित सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में दिसंबर माह तीन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रशिक्षण संस्थान के सह-निदेशक डॉ. अशोक गोदारा ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज के मार्गदर्शन में 1 से 7 दिसंबर तक मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण, 11 से 14 दिसंबर तक मशरूम उत्पादन तकनीक और 11 से 17 दिसंबर तक महिलाओं के लिए फैशन/सरफेस डिजाइनिंग प्रशिक्षण आयोजित होगा।

उन्होंने बताया कि प्रदेश के किसी भी वर्ग, आयु या शैक्षणिक योग्यता के इच्छुक महिला और पुरुष इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग ले सकते हैं। सभी प्रशिक्षण निशुल्क हैं और पूरी अवधि में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय की ओर से प्रमाण पत्र दिया जाएगा। प्रशिक्षण सीमित सीटों पर पहले आओ, पहले पाओ आधार पर दिया जाएगा। समय सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा।

डॉ. गोदारा ने बताया कि पंजीकरण के लिए प्रतिभागियों को एक पासपोर्ट साइज फोटो और आधार कार्ड की फोटोकॉपी साथ लानी होगी। उन्होंने कहा कि यदि पर्याप्त संख्या में अभ्यर्थी वर्मी कम्पोस्टिंग प्रशिक्षण के लिए आवेदन करेंगे तो इस माह वह प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा, जिसकी सूचना पंजीकृत अभ्यर्थियों को दूरभाष के माध्यम से दी जाएगी। ब्यूरो

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 30-11-25 | 7 | 6 |

## दिसम्बर माह में विभिन्न प्रशिक्षण होंगे आयोजित

हिसार, 29 नवम्बर (विरेन्द्र वर्मा):चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में दिसंबर मास के दौरान मधुमक्खी पालन, फैशन/सरफेस डिजाइनिंग तथा मशरूम उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी देते हुए प्रशिक्षण संस्थान के सह-निदेशक डॉ. अशोक गोदारा ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के मार्गदर्शन में 1 से 7 दिसंबर तक मधुमक्खी पालन, 11 से 14 दिसंबर तक मशरूम उत्पादन तकनीक तथा 11 से 17 दिसंबर तक फैशन सरफेस/डिजाइनिंग (केवल महिलाओं के लिए) का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश के किसी भी वर्ग, आयु, शैक्षणिक योग्यता के इच्छुक महिला या पुरुष इस प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 30.11.25 | 4 | 1 |

## मशरूम उत्पादन तकनीक का प्रशिक्षण 11 से

हिसार • विज्ञप्ति : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में दिसंबर मास के दौरान मधुमक्खी पालन, फैशन/सरफेस डिजाइनिंग तथा मशरूम उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे। प्रशिक्षण संस्थान के सह-निदेशक डा. अशोक गोदारा ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के मार्गदर्शन में 1 से 7 दिसंबर तक मधुमक्खी पालन, 11 से 14 दिसंबर तक मशरूम उत्पादन तकनीक तथा 11 से 17 दिसंबर तक फैशन सरफेस/डिजाइनिंग (केवल महिलाओं के लिए) का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश के किसी भी वर्ग, आयु, शैक्षणिक योग्यता के इच्छुक महिला या पुरुष इस प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 30-11-25 | 4 | 1 |

## मधुमक्खी पालन पर प्रशिक्षण अगले माह

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में दिसंबर मास के दौरान मधुमक्खी पालन, फैशन/सरफेस डिजाइनिंग तथा मशरूम उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे। प्रशिक्षण संस्थान के सह-निदेशक डॉ. अशोक गोदारा ने बताया कि प्रदेश के किसी भी वर्ग, आयु, शैक्षणिक योग्यता के इच्छुक महिला या पुरुष इस प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं। यह प्रशिक्षण बिल्कुल निशुल्क है और प्रशिक्षण में पूरी अवधि में भाग लेने वाले उम्मीदवारों को विश्वविद्यालय की ओर से प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा।